क्रम:3

③

सत्यमेव जयते
डॉ. कृष्णा कान्त पाठक, आई.ए.एस.
Dr. Krishna Kant Pathak, IAS

शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग
राजस्थान सरकार,
जयपुर - 302005
Secretary, Rural Development Department
Government of Rajasthan,
Jaipur - 302005

क्रमांकः सिस / शास / ग्रावि / 2022 / 22

जयपुर, दिनांकः 31.03.2022

जिला परियोजना प्रबंधक (समस्त)
राजीविका।

विषय : सामाजिक अंकेक्षण व मेट प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजीविका से जुड़े स्वयं सहायता समूह (SHG) की महिलाओं की भागीदारी के सम्बन्ध में।

जैसा कि आपको विदित है ग्रामीण विकास द्वारा सामाजिक अंकेक्षण का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। इस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वन हेतु सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान द्वारा सन्दर्भ व्यक्ति का चयन एवं उनके वांछित प्रशिक्षण का कार्य सम्पूर्ण राज्य में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम हेतु प्रत्येक ब्लॉक से 4 स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जो वांछित योग्यता रखते हैं, उन्हें चयन कर उनकी सूची राज्य मुख्यालय को प्रेषित करते हुए एक प्रति सूचना रोजगार अधिकार अभियान के प्रतिनिधि को उपलब्ध करायें।

चयनित प्रतिभागियों का जिला मुख्यालय पर 30 दिवस का आवासीय प्रशिक्षण होगा जिनको सूचना रोजगार अभियान द्वारा प्रशिक्षण के दौरान 5000 रूपए का मानदेय व 1000 रूपए यात्रा भत्ता दिया जायेगा एवं खाने व रहने की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत ये लोग अपने स्वयं के ब्लॉक में मेट प्रशिक्षण कराएँगे तथा सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया का हिस्सा होंगे। अतः निर्देशित किया जाता है कि राजीविका समूह से जुड़ी इच्छुक योग्यता धारी महिलाओं का चयन कर सूची (नाम,पूर्ण पता ,मोबाइल नंबर) आगामी 5 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न- महिलाओं की चयन प्रक्रिया का विवरण ।

(कृष्णा कान्त पाठक)
शासन सचिव
ग्रामीण विकास विभाग

जयपुर, **दिनांकः** 31.03.2022

क्रमांकः निस / शास / ग्रावि / 2022 / 22

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-:

1. निजी सहायक, शसन सचिव एवं राज्य मिशन निदेशक, राजीविका, जयपुर।
2. निजी सहायक, परियोजना निदेशक, राजीविका, जयपुर।
3. राज्य परियोजना प्रबंधक (M&E), राजीविका मुख्यालय, जयपुर।
4. जिला परियोजना प्रबंधक (समस्त), राजीविका।
5. पारस बंजारा, सूचना एवं रोजगार अधिकार अभियान, जयपुर , राजस्थान (संपर्क-7742846353) को सूचना ई–मेल parasbanjara@gmail.com पर भी उपलब्ध करायें।
6. रक्षित पत्रावली।

शासन सचिव
ग्रामीण विकास विभाग

Phone No: 0141-2227811(O) | Email: secy-rd-rj@nic.in | Website: www.rdprd.gov.in

ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (BRP) के चयन के लिए योग्यता

1. शैक्षणिक योग्यता
   a. पुरुष अभ्यर्थी के लिए : कम से कम स्नातक पास।
   b. महिला अभ्यर्थी के लिए : कम से कम 12 वीं पास।
   c. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, घुमन्तु, अल्पसंख्यक वर्ग के लिए महिला व पुरुष दोनों के लिए 12 वीं पास।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, घुमन्तु, अल्पसंख्यक वर्ग एवं महिलाओं को वरीयता दी जाएगी।
3. प्रत्येक ब्लॉक से चार ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (BRP) का चयन किया जाएगा। जिनमें से 50 प्रतिशत अर्थात 2 महिलाओं का चयन अनिवार्य होगा तथा एक प्रतिभागी आरक्षित वर्ग से होना आवश्यक है।
4. अभ्यर्थी उसी ब्लॉक का मूल निवासी होना चाहिये।
5. स्वयं सहायता समूह एवं नेहरू युवा केंद्र से आये आवेदकों को वरीयता दी जाएगी।
6. सामाजिक कार्य या मनरेगा में काम करने का अनुभव वाले को वरीयता दी जाएगी।
7. ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (BRP) को 30 दिनों के प्रशिक्षण लेने के लिए 5000 रूपए का मानदेय व 1000 रूपए यात्रा भत्ता दिया जायेगा एवं खाने व रहने की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी।
8. अभ्यर्थी 30 दिनों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए तैयार होने चाहिए।

चयन की प्रक्रिया

- सर्वप्रथम लिखित परीक्षा होगी।
- उसके बाद सामूहिक चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) होगी।
- उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार होगी।

➢ चयन की प्रक्रिया अभियान की चयन समिति द्वारा की जाएगी।